हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च 2026

04 चार साल के अनुबंध के बाद भी बैतूल इटारसी के...



07 इटारसी सरोवर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने...





# गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नववर्ष गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ गुरूवार से हो गया। गुड़ी पड़वा पर नीम की पत्ती और मिश्री खिलाकर पुरानी परंपरा का निर्वहन किया गया। वहीं नौ दिवसीय आदिशक्ति जगदम्बा की आराधना के महापर्व नवरात्र पर शुभ मुहुर्त में देवी मंदिरों और घरों में घटस्थापना की गई। इस दौरान मनोकामना की अखंड ज्योति जलाकर जवारे बोए और प्रथम दिन मां शैलपुत्री का विधिविधान से पूजन किया गया। गुड़ी पड़वा पर्व पर परम्परागत श्रद्धाभाव से सनातन धर्मी घरों में भगवा ध्वज लहराया गया। चैत्र नवरात्र पर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ पड़ी। सीहोर जिले के सलकनपुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां विजयासन देवी धाम में चैत्र नवरात्र के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दूर से आए भक्त माता के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। विंध्याचल पहाड़ी पर स्थित धाम में पेयजल, छांव और विश्राम की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।






### मंदिरों में उमड़ी भीड़, धार्मिक अनुष्ठानों से गूंजा पूरा नर्मदांचल

सातरास्ते स्थित पावन दक्षिणेश्वरी माता महाकाली शक्तिपीठ में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। भक्तों ने माता के दिव्य दर्शन कर अपने जीवन को धन्य महसूस किया। मंदिर में माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना पूर्ण विधि-विधान और गहरी श्रद्धा के साथ संपन्न की गई। अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित है और घटस्थापना के साथ श्री दुर्गा सप्तशती का सस्वर एवं भावपूर्ण पाठ निरंतर किया जा रहा है। इस पावन अनुष्ठान से संपूर्ण वातावरण देवीमय हो गया है। क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी माता रानी की विधिवत पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई। खेड़ापति मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां भक्तजन जल अर्पित कर माता के चरणों में अपनी आस्था निवेदित करते नजर आए। वहीं दिन में देवी भागवत पुराण कथा का श्रीगेश हुआ। जिसमें गुरूवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई। देवी भागवत पुराण पं जितेंद्र जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। पूरा क्षेत्र इन दिनों देवी भक्ति में डूबा हुआ है और हर ओर आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

## नव संवत्सर पर सेठानी घाट बना साहित्यिक मंच

नव संवतसर व गुड़ी पणवा के पावन अवसर पर विगत 21 वर्षो की भांति इस वर्ष भी साहित्यक आयोजन की श्रृंखला में साहित्य, संस्कृति एवं रचनात्मक कार्यों को समर्पित नर्मदा आव्हान सेवा समिति ने बुधवार रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया। नगर के विश्व प्रसिद्ध सेठानी घाट पर धर्माचार्य पं. सोमेश परसाई के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.अतुल सेठा के विशिष्ट आतिथ्य तथा भाजपा नेता हंस राय की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। समिति की ओर से आयोजक केप्टिन किशोर करैया को बधाई देते हुए पं. सोमेश परसाई ने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कविगण भी रात्रि जागरण कर जन जागरण करते हैं। यह भी साहित्यिक अनुष्ठान है। उन्होंने कहा सनातन धर्म में साहित्य का विशेष महत्व है। साहित्य से समाज में जागृति आती है, इसलिए साहित्यकारों का समाज मे विशेष योगदान है। इस दौरान निरंतर 21 वर्षों से कुशलता पूर्वक उत्कृष्ट संचालन कर रहे वरिष्ठ कवि कौशल सक्सेना को स्व. संतोष इंकलाबी स्मृति साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजक केप्टन करैया, हंस राय, बलराम शर्मा, सावन कुमार, रामू यादव, कमलेश चौधरी, राजेश तिवारी, मनोज जराठे, सोमदत्त पाठक, रमेश नायडू, मनीष दुबे, आदर्श करैया कार्तिक कांसकार ने आमंत्रित कवियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण केप्टिन किशोर करैया ने दिया। संचालन बलराम शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन रामेश्वर यादव ने किया। कवि सम्मेलन में कवियो ने रात्रि तीन बजे तक गीत, गजल, हास्य व्यंग्य,ओज की रचनाओं से श्रोताओं को भाव विभोर किया। डॉ. रानू रुही जबलपुर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, राजस्थान से आए वरिष्ठ हास्य कवि डॉ. आदित्य जैन ने अकबर भी डर गया, भोपाल से हास्य कवि दीपक दनादन ने प्यार मोहब्बत वाला बनता दुनिया में यदि बम। वहीं कवि अमित बिल्लौरे अमृत सोहागपुर ने वाणी मेरी सुधारो हे मेरे प्यारे राम, मन में मेरे पधारो हे मेरे प्यारे राम गीत पढ़ा। अंत में मंच मे कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे कौशल सक्सेना ने अपने चिर परिचित अंदाज में कवि सम्मेलन का शिखर कलश रखा। उन्होंने वीर रस की कविताओं से राष्ट्रभक्ति का अलख जगाया।

## 147 गुमशुदा मोबाइल बरामद, 20 लाख से अधिक की रिकवरी

**नर्मदापुरम**। नर्मदापुरम पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाते हुए गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। जिले में दर्ज शिकायतों के आधार पर कुल 147 मोबाइल हैंडसेट बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए। इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 20 लाख 28 हजार रूपए से अधिक बताई गई है। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा ने लगातार मिल रही मोबाइल गुमशुदगी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी थाना प्रभारियों और सायबर सेल को सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके तहत सभी मामलों को सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कर तकनीकी सहायता से ट्रैकिंग शुरू की गई। इस अभियान में सायबर सेल और थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने मिलकर काम किया। आधुनिक तकनीक, लोकेशन ट्रैकिंग और डेटा विश्लेषण की मदद से मोबाइलों को सफलतापूर्वक खोज निकाला गया। बरामद मोबाइलों में कंपनियों के महंगे फोन शामिल हैं। जांच में सामने आया कि अधिकांश मोबाइल शहर के भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे मुख्य बाजार, सब्जी मंडी और मेलों में गुम हुए थे।

शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और जमीनी स्तर पर सघन खोज अभियान चलाया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन और जिले के सभी एसडीओपी के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई।

### आरोपियों ने सिम और बैंकिंग जानकारी का दुरुपयोग किया

# मोबाइल खोने के बाद हुई 2.78 लाख की साइबर ठगी का पर्दाफाश

सिवनी मालवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली, मोबाइल खोने के बाद 2.78 लाख की साइबर ठगी का पर्दाफाश कर गिरोह को गिरफ्तार किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में सिवनी मालवा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मोबाइल खोने के बाद हुई लाखों रुपये की ठगी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी मामा और भांजे को बनाया गया हैं साथ मददगार कियोस्क संचालक भी सहआरोपी बनाएं गए हैं। घटना में मुख्य लापरवाही फरियादी की ही देखने को मिली है जिसने फोन गुम होने के घंटों बाद भी अपनी सिम बंद नहीं करवाई, जिसके कारण सायबर अपराधियों को यह ठगी करने के लिए पर्याप्त समय मिला। गुरूवार को एसपी साईं कृष्णा ने इस मामले का खुलासा किया। आरोपियों ने इस घटना में मोबाईल सिम और बैंकिंग का गलत तरीके से उपयोग किया गया।




### घटना का विवरण

फरियादी नर्मदा प्रसाद रघुवंशी का मोबाइल 9 फरवरी 2026 को बाजार में कहीं गिर गया था। काफी तलाश के बावजूद मोबाइल नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने नई सिम ली, लेकिन 13 फरवरी को वह भी बंद हो गई। जब फरियादी बैंक पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके खातों से कुल 2 लाख 78 हजार रूपकी की राशि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निकाल ली गई है। जिसकी शिकायत उन्होंने सिवनी मालवा थाने में की।

### पुलिस की कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया।

### सराहनीय भूमिका

पूरे ऑपरेशन में थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम के अधिकारियों और साइबर सेल के जवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीआई सुधाकर बारस्कर, प्रआ प्रीतम बाबरिया, साईबल सेल संदीप यदुवंशी, दीपेश सोलंकी, प्रशांत राजपूत सउनि बलराम सिरसाम, सुरेश पांडे आदि शामिल थे।

### ठगी का तरीका

आरोपियों ने मोबाइल मिलने के बाद सिम और बैंकिंग जानकारी का दुरुपयोग किया। इसके लिए उन्होंने हरदा जिले के विभिन्न एमपी ऑनलाइन-कियोस्क सेंटरों का इस्तेमाल किया। आरोपियों ने अलग-अलग स्थानों से यूपीआई ट्रांजेक्शन कर पैसे निकाले, जिससे जांच को भटकाने की कोशिश की गई। हालांकि कियोस्क सेंटर के संचालकों ने इस वारदात को अंजाम देने में आरोपियों का साथ जिसके बाद पुलिस ने उन्हें भी आरोपी बनाया है।

### गिरप्तार आरोपी

अनुज यादव (44), जिला बालाघाट,आर्यन यादव (22), बालाघाट-महासमुंद,आपस में मामा भांजे है। अंकुश उर्फ नरेंद्र (20), रायपुर

**सहयोगी कड़ी भी उजागर**

जांच में हरदा जिले के कई कियोस्क संचालकों की संलिप्तता भी सामने आई, जिन्होंने आरोपियों को ट्रांजेक्शन में सहयोग दिया। जिसमें संदीप साहू टिमरनी, हरदा,रोजश पटनारे, सिराली हरदा, शीष कमल, छीपाबड़ हरदा,शिव गोपाल मालवीय मालदा जिला हरदा शामिल है।

### जनता के लिए संदेश

एसपी साईं कृष्णा एस थोटा ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल खोने की स्थिति में तुरंत सिम ब्लॉक कराएं और बैंक को सूचित करें, ताकि इस प्रकार की साइबर ठगी से बचा जा सके। अपने मोबाईल और बैंकिंग पासवर्ड हार्ड बनाएं। ताकि ऑनलाइन ठगी से बचा जा सके। किसी भी अनजान को अपना फोन न दे, ओटीपी शेयर नहीं करे।

# पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष और साथियों के विरुद्ध पुलिस प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम जिले के पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल व उनके कुछ साथियों के विरुद्ध सोहागपुर पुलिस थाने में स्टेट हाईवे पर चक्काजाम करने के चलते पुलिस प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस थाना सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार विक्रांत धुर्वे सहायक प्रबंधक मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र पिपरिया ग्रामीण उत्तर के कार्यालयीन पत्र पर उक्त कार्रवाई की गई है।

पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस सूचना अनुसार पुष्पराज पटेल कांग्रेस नेता सोहागपुर, चंदन सिंह कुशवाहा, धनराज कुशवाहा, मिश्रीलाल कुशवाहा, ख्याली कुशवाहा, कामता प्रसाद नागवंशी, जीवन ठाकुर सभी निवासी रानी पिपरिया एवं अन्य ग्रामीणजनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### यह था घटनाक्रम

पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार ग्राम रानी पिपरिया में घरेलू विद्युत देयक का बकाया 48 लाख 88 हजार रुपए होने पर 17 मार्च 2026 को सहायक यंत्री एवं संबंधित क्षेत्र के लाइन स्टाफ द्वारा मध्यप्रदेश की समाधान योजना के अंतर्गत बिजली बिल वसूली कैंप लगाया गया था। एवं डोर टू डोर वसूली की कार्रवाई की गई थी। ग्रामवासियों द्वारा विद्युत देयक की बकाया राशि जमा ना करने के उपरांत 100 प्रतिशत बकाया वाले चार नंबर ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद कर दी गई थी। जिसके बाद बुधवार 18 मार्च को ग्राम रानी पिपरिया के समीप स्टेट हाईवे पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था।

इस दौरान लोगों ने बीच रोड पर बैठकर चक्काजाम कर दिया था। चक्का जाम में प्रमुख तौर पर पुष्पराज पटेल सहित उक्त लोग उपस्थित थे, जिनके नाम प्राथमिकी में दर्ज हैं। चक्काजाम से यातायात बाधित हुआ व नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में उक्त सभी लोगों के खिलाफ धारा 126(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण दर्जकर मामला पुलिस विवेचना में लिया गया है।

## बारात में की बंदूक से हवा में फायरिंग, प्रकरण दर्ज

**सोहागपुर**। सोहागपुर थाना क्षेत्र में सेमरी हरचंद में एक बारात में हवा में बंदूक से फायरिंग का मामला हुआ है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की है।

सोहागपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त मामले में फरियादी शिवम पिता प्रवीण शर्मा वार्ड नंबर आठ जमुनिया थाना सोहागपुर ने अभय पिता कमलेश पुरी गोस्वामी निवासी तिवारी कॉलोनी सेमरी हरचंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला शादी समारोह में नाचते हुए 12 बोर की बंदूक से फयाद का है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला प्रशासन एवं नगरपालिका प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत पर्यटन घाट से की गई। जिसमें अधिकारीगण, समाजसेवीगण और नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

नपा उपयंत्री एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रभारी अधिकारी आयुषी रिछारिया ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज पर्यटन घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें अनेक लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ हिमांशू जैन, सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, अभियान की प्रभारी अधिकारी आयुषी रिछारिया, सहायक नोडल योगेश सोनी, संजय लुटारे, सतीष यादव, अनंत सिंह राजपूत, विजय कहार सहित समाजसेवीगण उपस्थित रहे।

# नर्मदा महाविद्यालय में विक्रम महोत्सव 2026 के तहत बेताल-शक नाटक का भव्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में विक्रम महोत्सव 2026 के अंतर्गत सूर्य उपासना, ब्रह्म ध्वज स्थापना और सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित बेताल-शक नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ के साथ भारतीय काल गणना और सम्राट विक्रमादित्य की वीरता व न्यायप्रियता पर प्रकाश डाला गया।

ऑडिटोरियम में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर ब्रम्ह ध्वज को प्रणाम कर विधिवत विक्रम संवत 2083 के अंतर्गत कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। सम्राट विक्रमादित्य की वीरता एवं न्याय प्रियता पर आधारित बेताल शक नाटक का मंचन किया गया।


इस नाटक के माध्यम से बताया गया कि सम्राट विक्रमादित्य ने आक्रांता शको को पराजित कर भारतवर्ष को उनके आक्रमण से मुक्त कर देश की रक्षा की एवं वैदिक काल गणना पर आधारित विक्रम संवत की शुरुआत की थी। काल की गणना भी विक्रम संवत के आधार पर की जाती है, काल की गणना चंद्र पर आधारित होती है। पंचांग के आधार पर तिथियां की गणना होती है और इस आधार पर हिंदू धर्म के तीज, पर्व एवं त्यौहार मनाए जाते हैं।

आयोजित कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य की महानता और उनके शासनकाल की उपलब्धियां पर आधारित जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन एवं उनके शासनकाल में आने वाली समस्याओं एवं सम्राट विक्रमादित्य द्वारा उसका निश्चित निराकरण करने पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। नाट्य समूह के निर्देशक रत्नेश साहू एवं सह निर्देशक संजय श्रोतीय थे। समूह साथी जन शिक्षण एवं संस्कृति समिति के तत्वावधान में आयोजित नाटक में नितिन रोहर ने सम्राट विक्रमादित्य की भूमिका अभिनीत की, उनके द्वारा अभिनीत भूमिका की सभी ने तालियां बजा कर सराहना की। मंगलेश सिंगारिया ने राजगुरु, प्रेम शंकर मांगरोल ने गंधर्व सेन की, मुकेश मालवीय ने दादाजी, शिवन्या श्रोतीय ने पोता की, नर्मदा प्रसाद हरियाले ने गरीब किसान, दीपक बेन ने बेताल, भावना विश्वकर्मा ने रानी पद्मिनी, चैन सिंह मीणा ने मंत्री विष्णु दत्त की, उर्वशी श्रोतीय ने गुप्तचर चंद्रकांता, प्रियांशी गौर ने हरसिद्धि माता और राज नर्तकी की, देवी सिंह पटवा ने राज पंडित की, आसमादित्य तिवारी ने सैनिक, अभिषेक अहिरवार ने सैनिक, एवं पल्लवी दुबे ने राज नर्तकी की भूमिका सार गर्भित तरीके से निभाई। विशेष सहयोग विमल सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल जैन, बृजेंद्र रावत, सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम जय सोलंकी, नगर पालिका अधिकारी हिमेश्वरी पटले आदि मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष पांडेय ने प्रदेशाध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय गुरवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन के प्रभारी महासचिव संजय कामले से मुलाकात करने भोपाल पहुंचे। मुलाकात में नर्मदापुरम जिले की वर्तमान राजनीतिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही जिले में विभिन्न प्रकोष्ठों की नियुक्ति एवं शीघ्र ही जिला कांग्रेस कार्यकारिणी गठन को लेकर नेता गणों के बीच गहन चर्चा हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन विशेष रूप से उपस्थित थे।



### श्रद्धा, स्मृति और प्रेरणा का संगम:पं. रामलाल शर्मा...

# पुण्यतिथि पर विशेष पुण्य-स्मरण सभा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षा, न्याय और धर्म के अद्वितीय संगम के प्रतीक, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के संस्थापक, प्रख्यात विधिवेत्ता एवं समाजसेवी पंडित रामलाल शर्मा जी की 49 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक गरिमामयी पुण्य-स्मरण सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी महाविद्यालय के प्रतिमा स्थल परिसर में श्रद्धा और सम्मान के साथ संपन्न होगा।

शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम में भजनांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित कर महान विभूति को श्रद्धांजलि दी जाएगी। साथ ही, उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व एवं बहुआयामी कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जन-



जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। पंडित रामलाल शर्मा जी ने नर्मदांचल क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते हुए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्थापना कर न केवल ज्ञान का दीप प्रज्वलित किया, बल्कि (होशंगाबाद) वर्तमान नर्मदापुरम को शैक्षणिक मानचित्र पर विशिष्ट पहचान भी दिलाई। उनके संस्थानों से शिक्षित असंख्य छात्र-छात्राएं आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के शिखर पर पहुंचकर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

### केवल शिक्षाविद नहीं थे

वह केवल एक शिक्षाविद ही नहीं, बल्कि न्याय के क्षेत्र में भी अत्यंत सम्मानित एवं विद्वान अधिवक्ता थे। जिला न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय तक उनकी विद्वता और न्यायप्रियता की विशिष्ट छाप रही। उन्होंने अपने जीवन में धर्म, शिक्षा और न्याय,इन तीनों मूल्यों को एकत्रित कर एक आदर्श व्यक्तित्व का निर्माण किया। भगवान श्रीराम को अपना आदर्श मानने वाले पंडित जी ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन, समर्पण और सेवा का परिचय दिया। खेती, शिक्षा, वकालत के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए वे वास्तव में अपने आप में एक सशक्त संस्था थे।

पंडित रामलाल शर्मा जी का पुण्य-स्मरण केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, नैतिक मूल्यों और प्रेरणादायी जीवन दृष्टि को पुनर्जीवित करने का एक सशक्त माध्यम है। यह अवसर हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। आज 49 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा स्थापना के गौरवशाली 27 वें वर्ष भी पूर्ण हो रहे है।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ

**सारनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरा चरण गुरूवार 19 मार्च को गुढ़ीपड़वा के शुभअवसर से प्रारंभ हुआ। नगर पालिका क्षेत्र में भी जनप्रतिनिधियों ने विधिवत शुभारंभ के बाद श्रमदान कर कुएं की सफाई की। अभियान सतत जून तक चलेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल एवं कलेक्टर बैतूल के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया। गुरूवार को वार्ड 10 छोटा मठारदेव से उक्त अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, शिवकली बबलू नरें, गोलू राजपूत, उपयंत्री रविंद्र वराठे की उपस्थिति में अभियान प्रारंभ हुआ। वार्ड स्थित सार्वजनिक कुएं की सफाई की गई। पानी में पड़ी पत्तियां, कचरा निकालकर घास की सफाई की गई। छोटा मठारदेव स्थित कुएं के आस-पास की घास, खरपतवार हटाई गई। अभियान के तहत नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित सार्वजनिक कुओं, जलस्रोतों की सफाई की जाएगी। इस अवसर पर गुरूस्वामि एरूलू विनय मदने, मुकेश नागले, राजकुमार नागले, राहुल कापसे, विश्वजीत सिंदूर, सौरभ सिंदूर, अजाब पाटिल, अजुन बिंझाड़े, विनोद डेहरिया, बिरंची महानंद, रामरतन मर्सकोले, ओमप्रकाश पंद्राम, राधेश्याम मालवीय, कैलाश बैठे, तिलक सिंह, संतोष गुलबाके समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### हमें अपने प्राचीन खेलों के महत्व को समझना होगा

**बैतूल।** खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम बडोरा ग्राम पंचायत खेल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम नारायण सरले, सरपंच सरिता धुर्वे धर्मेन्द्र पवार के आतिथ्य में और सुषमा गवली की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर सुषमा गवली ने बताया कि मेरा युवा भारत द्वारा हमारे प्राचीन खेल जिसमें कबड्डी, रस्सा खीच, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कि ग्रामीण अंचल में छिपी हुई प्रतिभा अपनी प्रतिभा को निकालने का एक अनूठा अवसर मिल सके। नारायण सरले कहा कि निश्चित तौर पर ऐसी प्रतियोगिता के आयोजन से प्रतिभाएं निखर कर सामने आएंगी। धर्मेन्द्र पवार ने कहा कि हमें अपने प्राचीन खेलों के महत्व को समझना होगा। गोला फेंक में प्रतियोगिता में सुमिता उईके प्रथम, द्वितीय शेफाली उईके, तृतीय पूजा उईके, 100 मीटर दौड़ में प्रथम संजना धुर्वे, मनीषा धुर्वे द्वितीय, पूर्वा चौहान तृतीय स्थान, 200 मीटर दौड़ में प्रथम प्रहलाद आहके, द्वितीय विशाल वटी, तृतीय राहुल धुर्वे, रस्सा खींच में प्रथम खेल विभाग बैतूल, द्वितीय मां शबरी महिला मण्डल बैतूल रहे।

### अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ चैत्र नवरात्र की शुरुआत

**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में 19 मार्च 2026 से चैत्र नवरात्र महोत्सव धूमधाम से प्रारंभ हुआ। मंत्रोच्चार के साथ पृथ्वी पूजन, गौरी गणेश पूजन एवं शिव परिवार का पूजन किया गया, स्वस्तिवाचन किया गया, बीजासनी माता के चरणों की स्तुति तथा मंत्रोच्चार के साथ 391 अखंड ज्योत भक्तों द्वारा प्रज्ज्वलित की गई जिसमें घी एवं तेल की ज्योत शामिल हैं। ज्योत प्रज्ज्वलन के उपरांत विधिविधान से पूजन कर घट स्थापना की गई। इस दौरान देवी देवताओं, नवग्रह देवता, नवदुर्गा माता, ईष्ट देवता, ईष्ट देवी, कुलदेवता, कुलदेवी सप्तमातृका माता, सप्तघृत माता, षोडश मातृका माता, चौसठ योगिनी माता, पितृदेवता, ग्राम देवता, गुरु देवता, गौरी गणेश जी, शिव परिवार, लक्ष्मी नारायण भगवान, ब्रह्मा जी, सावित्री माता, गायत्री माता, सुर्यनारायण देवता, काल भैरव देवता सबका आव्हान करके उपस्थित श्रद्धालुओं के द्वारा मां के चरणों में प्रार्थना करवा कर नारियल की भेंट चढ़ाकर मनोकामना पूरी करने हेतु अर्जी लगाई गई।

---

कंपनी की लापरवाही से बेरंग नजर आ रहा भारत-भारती से साकादेही तक फोरलेन

# चार साल के अनुबंध के बाद भी बैतूल इटारसी के बीच डिवाइडरों पर पौधे सूखे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**बैतूल से इटारसी तक बने 51 किमी फोरलेन सडक़ के बीच डिवाइडर पर पौधे लगाये गये थे। लेकिन देखरेख और तराई के अभाव में यह पौधे एक साल में ही सूख गये। इन पौधों की देखरेख और मेंटेनेंस का ठेका जितेन्द्र सिंह एंड कंपनी को सौंपा गया था।**

कंपनी एक साल भी इन पौधों को संभाल नहीं पाई और अब यह पौधे अब पूरी तरह सूख चुके है। जिसके कारण इन पौधों में आग भी लग रही है। बता दे कि बैतूल से इटारसी तक 72 किमी में से 51 किमी फोरलेन ही बनाया गया है। 21 किमी में निर्माण अभी नहीं हुआ है। 51 किमी को जो फोरलेन बना है, उसके बीच डिवाइडरों में बोगेनवेलिया के पौधे और घास लगाई गई थी। भारत- भारती से लेकर साकादेही तक डिवाइडरों के बीच जली हुई झाड़ियां और राख बिखरी हुई देखी जा सकती है। जो डिवाइडर हरे रंग के और हरियाली से भरे होने चाहिए थे, वे झाड़ियों और काले रंग की राख से पटे पड़े हैं। जिसका मुख्य कारण डिवाइडरों के बीच लगे पौधों और घास की नियमित तराई और सिंचाई की व्यवस्था नहीं होना है। इस कारण डिवाइडरों के बीच में लगाई गई घास तो सूख चुकी है, वहीं फूलों के पौधे भी सूख रहे हैं। राह चलते वाहन चालकों द्वारा इन पर सिगरेट और जलती हुई बीडी फेंकने से इनमें आग लग जाती है। यह आग डिवाइडरों के गेप तक फैल जाती है, लेकिन एनएचएआई विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसकी वजह से बड़ा हादसा भी हो सकता है।

#### बेरंग नजर आ रहा इटारसी-बैतूल के बीच फोरलेन

एनएचएआई की मॉनिटरिंग के अभाव और ठेका कंपनी की लापरवाही के कारण इटारसी-बैतूल के बीच 51 किमी के फोरलेन के डिवाइडर सूखे पौधे और घास की वजह से बेरंग नजर आ रहे है। 2028 तक मेंटेनेंस का अनुबंध होने के बाद भी न तो एनएचएआई द्वारा इस ओर ध्यान दिया जा रहा है और न ही ठेका कंपनी की लापरवाही कम हो रही है। सबसे खास बात यह है इसी मार्ग से जनप्रतिनिधि भी भोपाल आना-जाना करते है, लेकिन इस ओर जनप्रतिनिधियों को भी ध्यान नहीं है। नतीजा साकादेही से भारत-भारती तक डिवाइडर पर हरियाली के बजाए जली हुई झाड़िया और राख बिछी हुई है। सूखी हुई झाड़ियां आगजनी जैसे हादसों को न्यौता दे रही है।

#### चार साल तक करना है मेंटेनेंस का कार्य

फोरलेन सडक़ पर डिवाइडरों के बीच लगी घास और बोगेनवेलिया के पौधे की देखभाल के लिए ठेका कंपनी को चार साल तक मेंटेनेंस करना है, लेकिन एक साल में ही डिवाइडर के बीच पौधे और घास सूख चुकी है। डिवाइडरों पर से हरियाली गायब है। बताया गया कि फरवरी 2025 से लेकर फरवरी 2028 तक ठेका कंपनी को फोरलेन के डिवाइडरों के पौधों की देखरेख करनी है। इसके बीच बिछी मिट्टी को भी ठीकठाक रखने की व्यवस्था देखनी है। लेकिन एक साल में ही यहां पानी की नियमित सिंचाई और इसे हरा-भरा रखने के इंतजाम चौपट हो गए है।

#### बैतूल-नागपुर, बैतूल-इंदौर फोरलेन पर खिल रहे फूल

एक तरफ 51 किमी में बने इटारसी-बैतूल फोरलेन पर जहां डिवाइडर के पौधे और घास सूखकर पतझड़ की तरह नजर आ रहे है, वहीं दूसरी तरफ बैतूल-नागपुर और बैतूल-इंदौर फोरलेन के डिवाइडर पर लगी घास और पौधों का नियमित मेंटनेंस होने से हरी-हरी घास और पौधों पर फूल खिल रहे है। 2014 में बनाए गए नागपुर-बैतूल फोरलेन की सडक़ के बीच के डिवाइडरों पर फूल नजर आते है। यहां डिवाइडरों के बीच हरियाली और फूलदार पौधे देखे जा सकते हैं। इसी तरह तीन साल पहले बनाए गए बैतूल-इंदौर फोरलेन के चिचोली से बैतूल के बीच 40 किलोमीटर में बने नए फोरलेन के बीच डिवाइडर पर पीले रंग के फूल खिले हुए हैं।

#### सूखी घास और पौधों से आगजनी का खतरा

बैतूल-इटारसी पर साकादेही और भारत-भारती के बीच बने डिवाइडरों पर सूखे पौधे और घास आगजनी के पर्याय बन सकते है। फोरलेन पर राह चलते लोग जलती हुई बीड़ी-सिगरेट फेंक देते है। गर्मी के दिनों में सूखे पौधे और घास में आग लगने की संभावनाएं ज्यादा बढ़ जाती है, जो न सिर्फ वाहन चालकों के लिए खतरा बन सकती है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है। लेकिन इसके बाद भी इस मुद्दे को लेकर अधिकारी सजग नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब फोरलेन के डिवाइडरों पर पौधे और घास के मेंटेनेंस का ठेका दिया गया है तो फिर ठेका कंपनी से कार्य क्यों नहीं कराया जा रहा है या लापरवाही बरती जा रही है तो पेनल्टी जैसी कार्यवाही नहीं किया जाना भी कई सवालों को जन्म देता है।

#### इनका कहना है

डिवाइडरों के बीच पौधों की नियमित तराई और सिंचाई की व्यवस्था बनाई जाएगी। स्टाफ भेजकर मुआयना करवाया जाएगा। यहां की सूखी घास हटवाई जाएगी। इसे साफ करवाया जाएगा।

**- मनीष मीणा,**
प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई

---

रेस्क्यू कर आईसीयू में भर्ती कराया

# एसपी कार्यालय की छत पर चढ़ी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिला मुख्यालय पर गुरुवार शाम करीब 6 बजे एसपी कार्यालय परिसर में उस समय हडक़ंप मच गया, जब पारदीढाना निवासी बबली उर्फ नगमा पति लखन पारदी सोलंकी अचानक कार्यालय की छत पर चढ़ गईं। उसने एसपी कार्यालय की छत पर लगे टावर का गेट बंद कर लिया और वहां मौजूद लोंगो को नीचे कूदने की धमकी देने लगीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला अपने साथ एक बोतल में कोई तरल जहरीला पदार्थ लेकर आई थीं, जिसे उसने कथित रूप से पी लिया। उसके पति लखन पारदी का कहना था कि पुलिस द्वारा उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नही करने पर उसने जहर पिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद महिला को नीचे उतारा गया। सरिया डालकर पीछे का गेट बमुश्किल खोला गया और दो महिला टीआई कविता नागवंशी व हेड कांस्टेबल सविता ने उसे पकड़ा। महिला छत की पैराफिट दीवार से बाहर पैर डालकर कूदने का प्रयास कर रही थीं। जिसे उतारकर तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसे आईसीयू में भर्ती करवाया गया, फिलहाल महिला बेहोश बताई जा रही हैं और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन ने बताया कि लखन पारदी की दो पत्नियां नगमा एवं नीलम हैं। जिनका पारदीढाना के रामप्यारी पति नरेश से पिछले कई दिनों से आपसी विवाद चल रहा है। रामप्यारी अलसिया गुट की है जो आज नगमा के पहले थाने शिकायत करने पहुंच गई थी। जिसपर महिला ने गुस्से में आकर यह हरकत की। वहीं अन्य सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखन की दूसरी पत्नी नीलम ने भी गुस्से में आकर लखन पारदी के घर पर ही कोई जहरीला पदार्थ पी लिया था। उसे भी शाम करीब 6 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तहसीलदार द्वारा उनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। लखन का आरोप है कि दूसरे गुट के कुछ लोग उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं, जिसके चलते उनका परिवार बहुत तनाव में है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पारदियों के दो गुटों के आपसी विवाद का मामला है, जिसकी जांच की जा रही है।

### स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष बन अरविंद सोनी



**सारनी।** स्वर्णकार समाज की बैठक शोभापुर कॉलोनी के जैरी चौक पर स्थित योगिता ज्वेलर्स पर संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ उमाशंकर सोनी एवं हरिओम सोनी ने बताया कि बैठक में जीएसटी विषय पर चर्चा के उपरांत समाज के विकास एवं उत्थान पर भी गंभीरता से चर्चा हुई जिस पर बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों ने अपने-अपने तर्क रखे। बैठक में चर्चा उपरांत समाज के अध्यक्ष के मनोनयन पर भी चर्चा हुई। इस दौरान सभी ने सर्व सहमति से सतपुड़ा व्यापारी संघ अध्यक्ष अरविंद सोनी को समाज का अध्यक्ष मनोनीत करने पर सहमति जताई। इसके पश्चात बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों ने ध्वनि मत नवनिर्वाचित अध्यक्ष का अभिनंदन किया ।


---

# ग्राम दानवाखेड़ा में स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय, स्थिति नियंत्रण में

बैतूल में दूषित पानी से फिर हुए आदिवासी बच्चे बीमार, 2 आदिवासी बच्चों की पहले हो चुकी मौत

**बैतूल के दानवाखेड़ा में इंदौर दूषित पानी कांड जैसे हालात!**

बैतूल। जिले के आदिवासी विकासखंड घोड़ाडोंगरी की ग्राम पंचायत रामपुर के गॉंव दानवाखेड़ा में दूषित पानी की समस्या हल नहीं हो पा रही है. फिर से इस गांव के आदिवासी बच्चे खुजली से पीड़ित होने लगे हैं। जबकि इसके पूर्व में दो बच्चों की मौत दूषित पानी के सेवन से हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों ने प्रशासन से साफ पानी की व्यवस्था करने की मांग की थी। दरअसल ग्रामीणों का एक दल गत 20 जनवरी को श्रमिक आदिवासी संगठन एवं समाजवादी जन परिषद के नेतृत्व में कलेक्टर से मिलकर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था। इसमें ग्रामीणों ने बताया था कि दूषित पानी के कारण 2 माह से गांव के लोग खुजली के प्रकोप से जूझ रहा था। इस पर प्रशासन ने साफ पानी की व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया था। श्रमिक आदिवासी संगठन के राजेन्द्र गढ़वाल ने बताया कि प्रशासन के आश्वासन के बावजूद भी यहां अभी तक हैण्ड पंप भी नहीं लग पाया है। 20 जनवरी से अब तक प्रशासन वन विभाग से अनुमति लेने की बात कर टाल मटोली कर रहा है। सजप के अनुराग मोदी ने बताया कि दानवाखेड़ा गांव की मीना बाई, रीना बाई, सतीश



पिता मंगल धुर्वे, माता कस्तूरिया बाई गंभीर रूप से पीड़ति है। यहां दूषित पानी के चलते आने वाले महीनों में भयंकर बीमारी फैल सकती है। यहां उल्लेखनीय है कि इस मुद्दे को दिसम्बर माह की शुरुवात में ही प्रशासन की जानकारी में लाया गया था। इसके बाद अधिकारियों ने गाँव का दौरा किया और साफ पानी की व्यवस्था करने के लिए गॉंव में हैण्ड पंप खोदने का ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया था। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से खुदाई हेतु ट्रक पहुँच मार्ग श्रमदान से तैयार करने के लिए कहा। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा सड़क का निर्माण कार्य पूरा किए हुए 1 माह से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक हैण्डपंप खुदाई का कार्य शुरू होने के कोई भी आसार नजर नहीं आ रहे हैं, जबकि बीमारी का प्रकोप अभी भी जारी है। यह गांव शासन की सभी मूलभूत सुविधाओं से अछूता है, ना आंगनवाड़ी है, ना सड़क है, ना बिजली, ना पानी, न स्कूल, ना नर्स का दौरायहां होता है। दूषित पानी के चलते विगत 2 माह से यह गॉंव खुजली के प्रकोप से पीड़ति है, इसमें 2 नन्हे-मुन्ने बच्चों की मौत भी हो गई। बच्चों को खुजली के प्रकोप ने जकड़ लिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खबर का असर

हरिभूमि के 18 मार्च बैतूल संस्करण में प्रकाशित लीड खबर के असर के बाद प्रशासन जागा। कलेक्टर के निर्देश पर.... मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े ने बताया कि 15 मार्च को जनपद घोड़ाडोंगरी के ग्राम दानवाखेड़ा में ग्रामीणों में त्वचा संबंधी रोग की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल बीएमओ के नेतृत्व में 6 सदस्यीय मेडिकल टीम गठित कर ग्राम भेजी गई। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि 6 बच्चों को एहतियातन एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी में भर्ती कर उपचार किया गया, जहां सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है। 18 मार्च को डॉ. सुमित जाटव, चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में पुनः ग्राम में स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। जांच के दौरान कुल 28 मरीज पाए गए, जिनमें खुजली (स्केबीज) के 19 मरीज तथा सर्दी-खांसी, बुखार एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित 9 मरीज शामिल हैं। मेडिकल टीम ग्राम में ही रहकर प्रभावित ग्रामीणों का उपचार कर रही है तथा वर्तमान में कोई भी गंभीर मरीज नहीं है। सीएमएचओ डॉ. हुरमाड़े ने बताया कि एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम में सतत निगरानी रखते हुए जांच एवं उपचार कर रही है। टीम द्वारा पीने के पानी का क्लोरीनेशन भी कराया जा रहा है तथा ग्रामीणों को जलजनित बीमारियों से बचाव के संबंध में आवश्यक सलाह दी जा रही है। मेडिकल टीम का जांच रोस्टर भी निर्धारित किया गया है और टीम ग्रामीणों के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ग्राम में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। इसके अतिरिक्त प्रति माह तीसरे शुक्रवार को ग्राम में गर्भवती माताओं की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

---

### गुड़ी पड़वा पर माधव फ्रेंड्स क्लब ने किया खिचड़ी प्रसाद वितरण



**भौंरा।** हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में भौराढाना जोड़ स्थित माता मोहल्ला बीजादेही रोड पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माधव फ्रेंड्स क्लब द्वारा गुरुवार शाम 5 बजे से किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्तिभाव का विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। आयोजन स्थल पर सुव्यवस्थित तरीके से प्रसाद वितरण किया गया, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। माधव फ्रेंड्स क्लब के दिलीप माधव ने कहा कि हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि हमारे संस्कृति और परंपरा के महत्वपूर्ण पर्व हैं। गुड़ी पड़वा के अवसर पर प्रसाद वितरण कर हम समाज में आपसी भाईचारे और सेवा भावना को बढ़ावा देना चाहते हैं। आगे भी क्लब द्वारा इस तरह के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। आयोजन को सफल बनाने में क्लब के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

---

जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

# पूर्व विधायक सज्जन सिंह उईके की पुण्यतिथि पर गायत्री यज्ञ व भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर/भौंरा




घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. सज्जन सिंह उईके की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को उनके स्मरण में विधायक निवास, फोरलेन एनएच 46 भौंरा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम, गायत्री यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे और स्वर्गीय उईके को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रातः 9 बजे से विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गायत्री यज्ञ एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वर्गीय सज्जन सिंह उईके के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि वे जनसेवा के लिए समर्पित नेता थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी। स्व. उईके का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है, उनके बताए मार्ग पर चलकर ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है, वहीं क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय सज्जन सिंह उईके ने हमेशा गरीब, किसान और आमजन की आवाज को मजबूती से उठाया। उनकी जनसेवा और सादगी आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। हम उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने स्व. उईके के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का भाव देखने को मिला।

#### तीन दिनों तक चले कार्यक्रम

16 मार्च को भव्य कलश यात्रा निज निवास से निकाली गई। इसके पश्चात 17 मार्च को देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन विधि विधान से आयोजित किया गया। 18 मार्च बुधवार को गायत्री महायज्ञ 9 00 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न संस्कार एवं दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। इसके पश्चात 19 मार्च को गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके एवं भाजपा की शाहपुर मंडल अध्यक्ष नीतू शक्ति गुप्ता भी शामिल हुई। केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कार्यक्रम में अपने विचार रखे। भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

---

कोटि सूर्योपासना एवं जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

# विरासत और विकास के संकल्प के साथ प्रदेश प्रगति पथ पर अग्रसर: केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




विक्रम संवत 2083 के नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर विक्रमोत्सव के अंतर्गत जेएच कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर तथा अन्य अतिथियों द्वारा ब्रह्मध्वज स्थापना एवं वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसी अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान का भी औपचारिक शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल के अक्षत वरवड़े एवं उनकी टीम द्वारा महाराजा विक्रमादित्य की न्यायप्रियता और वीरता पर आधारित आकर्षक नाट्य प्रस्तुति दी गई। केंद्रीय मंत्री श्री उईके एवं अन्य अतिथियों ने नाट्य दल का सम्मान कर सभी को भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का वितरण भी किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर वंदना जाट, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी व डीपीसी भूपेंद्र वरकड़े सहित बड़ी संख्या में नागरिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने सभी नागरिकों को विक्रम संवत नव वर्ष की शुभकामनाएं देते कहा कि भगवान सूर्य का ओज और तेज सभी के जीवन को आलोकित करे तथा सभी राष्ट्र और जनकल्याण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि कालांतर में विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत की परंपरा और प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने के प्रयास किए गए तथा हमारे मंदिरों, विश्वविद्यालयों और चिकित्सा पद्धति, काल गणना, वैदिक गणना एवं खगोल विज्ञान जैसी समृद्ध ज्ञान परंपराओं को कमजोर करने का काम किया गया।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विरासत भी और विकास भी के संकल्प के साथ देश और प्रदेश भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों क्षेत्रों में प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाज को गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हुए उससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय समृद्ध संस्कृति के नवजागरण का समय है तथा विक्रम संवत हिंदू नव वर्ष वैज्ञानिक आधार पर आधारित है। भावी पीढ़ी को अंग्रेजी नव वर्ष और हिंदू नव वर्ष के महत्व के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सूर्योपासना आदिकाल से की जाती रही है और सभी जीवों में रक्त संचार, ऊर्जा एवं जीवन की गतिविधियां भगवान सूर्य की कृपा से संचालित होती हैं। सूर्य से ओज, तेज और वर्चस्व प्राप्त कर मनुष्य प्रगति की ओर अग्रसर होता है।

#### जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य

केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि जल संकट आज वैश्विक समस्या बन चुका है और भविष्य में जल के लिए संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेशभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बैतूल जिले में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिसके लिए जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसके तहत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### आज होगा श्री श्याम संकीर्तन आयोजन

**सोहागपुर।** हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर सोहागपुर में 20 मार्च को श्री श्याम संकीर्तन आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सीताराम गौ रक्षा समिति सोहागपुर की ओर से किया जाएगा। आयोजक समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री श्याम संकीर्तन के इस आयोजन में मुरैना से रजत शर्मा, जबलपुर से यशी चौरसिया तथा उज्जैन से भास्कर पुरोहित श्री श्याम के कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति देंगे। यह आज शुक्रवार को शहर के देनवा गार्डन में शाम सात बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति से आशीष पुरोहित, रूपेश रघुवंशी, नीरज रघुवंशी तथा अन्य साथी कार्यकर्ताओं ने धर्म प्रेमी जनता से उपस्थित की अपील की है।

### अधेड़ का शव पेड़ से लटका मिला

**माखननगर।** गुरूवार को सुबह करीब 10 बजे शमशान घाट पार्क में एक व्यक्ति पेड़ से लटका हुआ था जिसकी सूचना नगर परिषद के कर्मचारियों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतार कर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराने भेजा। एएसआई वीरेंद्र शुक्ला ने बताया मृतक प्रकाश पिता परमानंद गाडरवाड़ा का रहने वाला था यहां बैंड पार्टी में बाजे बजाने काम करता था पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### बूट हाउस के दराज से अज्ञात व्यक्ति ने 20 हजार चुराए

**माखननगर।** बस स्टैंड स्थित द्वारका चौधरी के बूट हाउस पर एक अज्ञात व्यक्ति आया और चप्पल दिखाने का बोला दुकान मालिक चप्पल दिखाने काउंटर से उठकर अंदर गया इतने में उसने दराज में से 20000 निकाल लिए और यह कह कर चला गया कि मुझे वाशरूम जाना है मैं अभी आता हूं उसके जाने के बाद द्वारका चौधरी ने दुकान के सीसीटीवी कैमरे में देखा तो वह दराज में से कुछ निकलता दिखाई दे रहा था। पुलिस में कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत की गई है। पुलिस ने जांच कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### उज्ज्वला कनेक्शन रद्द होने से गैस संकट गहराया



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की समस्या लगातार गहराती जा रही है। उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए थे, लेकिन अब लगभग 2200 उपभोक्ताओं के कनेक्शन शासन द्वारा निरस्त कर दिए गए हैं। साहू गैस एजेंसी के अनुसार, जिन लोगों ने कनेक्शन लेने के बाद दूसरी बार सिलेंडर रिफिल नहीं कराया या केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं की, उनके खाते बंद किए गए हैं। खाद्य अधिकारी मनोज शुक्ला ने बताया कि यह कार्रवाई शासन के निर्देश पर की गई है। इस निर्णय से ग्रामीण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, होटल और रेस्टोरेंट पर भी कार्रवाई करते हुए गैस के बजाय वैकल्पिक ईंधन अपनाने की सलाह दी जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी 2 से 4 दिन की देरी से सिलेंडर मिलने से लोगों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं।

## जल-गंगा संवर्धन अभियान का शंखनाद

# इटारसी सरोवर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने श्रमदान कर की शुरुआत

इटारसी में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर जल-गंगा संवर्धन अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसकी शुरुआत ऐतिहासिक सरोवर की सफाई से की गई। जनभागीदारी पर आधारित इस अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, पुनर्जीवन और ग्रीष्मकालीन जल संकट को कम करना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल-गंगा संवर्धन अभियान का नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर समूचे प्रदेश सहित इटारसी में भव्य शुभारंभ हुआ। राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा शहर के ऐतिहासिक इटारसी सरोवर (तालाब) परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाकर इस अभियान की नींव रखी गई। अभियान की शुरुआत करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्वयं तालाब के घाट पर सफाई करके श्रमदान किया और जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, आज हमने इटारसी सरोवर से इस पुनीत अभियान का श्रीगणेश किया है। किसी भी सरकारी अभियान की वास्तविक सफलता केवल जन-भागीदारी से ही संभव है। हमारा लक्ष्य जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना है और इसके लिए हम आने वाले दिनों में शहर के प्रबुद्ध सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जागरूक सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जोड़ेंगे।

कार्यक्रम के दौरान तालाब परिसर की सघन सफाई की गई और जल स्रोतों को दूषित होने से बचाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, स्वच्छता प्रभारी मयंक अरोड़ा, कमल हारिये, जगदीश पटेल सहित नगर पालिका का समस्त सफाई अमला और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



### अभियान के मुख्य बिंदु

नगरीय निकायों का लक्ष्य: प्रदेश भर में नगरीय निकायों के माध्यम से 112 जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार और 100 नालों के शोधन की कार्ययोजना तैयार करना।

अमृत 2.0: अमृत योजना के अंतर्गत जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करना और उनका संवर्धन करना।

अमृत मित्र: 'माई भारत पोर्टल के माध्यम से 5000 युवाओं को अमृत मित्र बनाकर इस जल संरक्षण अभियान से जोड़ना।

नर्मदा घाटी विकास: अविरल निर्मल नर्मदा योजना के तहत व्यापक वृक्षारोपण और भूजल संवर्धन के कार्य करना।

### ये है जल-गंगा संवर्धन अभियान

राज्य शासन द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और नालों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप, इस अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है ताकि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट को कम किया जा सके और पारंपरिक जल स्रोतों का अस्तित्व बचाया जा सके।

# गबन में लिप्त कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सोनिया मीना की अध्यक्षता में बैंक स्टाफ उपसमिति की बैठक बैंक प्रधान कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। शिवम मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नर्मदापुरम विनय प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। उक्त बैठक में कलेक्टर ने बैंक की शाखा खिड़किया से राशि रूपये 43 लाख की फर्जी एडवाईज जारी कर समायोजन किये जाने ज्ञानेश्वर काले तत्कालीन लिपिक, शाखा खिड़किया, भावना काले, तत्कालीन लिपिक, मुख्य शाखा हरदा को जारी कारण बताओं सूचना पत्र की विभागीय जांच सुनील धनगर, प्रभारी शाखा प्रबंधक, शाखा खिड़किया एवं मुकेश गौर, तत्कालीन समिति प्रबंधक को बैंक द्वारा जारी कारण बताओं सूचना पत्र की विभागीय जांच सतीशचंद्र सिटोके, प्र.नोडल अधिकारी, नोडल शाखा हरदा से कराई गई। उक्त दोनों जांच अधिकारियों द्वारा जारी कारण बताओं सूचना पत्र में दोषी कर्मचारियों पर बैंक द्वारा लगाये गये आरोप प्रमाणित पाये जाने से काले को बैंक के आदेश क्रं. 3874 12.03.2026, भावना काले को बैंक के आदेश क्रमांक 3877 12 मार्च 2026 एवं गौर को बैंक के आदेश क्रं. 3875 12 मार्च 2026 से सेवा समाप्त करने के दण्ड से दंडित किया जाकर आदेश जारी दिनांक से इनकी सेवायें समाप्त की गई। इसी प्रकार बैंक की शाखा मुख्य हरदा में राशि रूपये 2.77 करोड़ के सिलक शार्टेज के प्रकरण में सुदर्शन जोशी तत्कालीन प्र.शाखा प्रबंधक मुख्य शाखा हरदा एवं भावना काले, तत्कालीन लिपिक/कैशियर को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये जाकर विभागीय जांच संस्थित की गई थी।

### आरोप सिद्ध हुए

उक्त दोनों कर्मचारियों को जारी कारण बताओं सूचना पत्र की विभागीय जांच 3 सदस्यीय जांच दल को सौंपी गई थी। जांच दल के द्वारा बैंक को प्रस्तुत जांच रिपोर्ट अनुसार उक्त दोनों दोषी कर्मचारियों पर बैंक द्वारा लगाये गये आरोप सिद्ध पाये जाने से जोशी के सेवानिवृत्त होने से प्रस्तावित दंड दिया जाना संभव नहीं होने एवं काले को सेवामुक्ति दंड में किसी प्रकार की कमी नहीं करते बैंक के आदेश क्रमांक 3875 12 मार्च 2026 से सेवा समाप्त करने के दंड से दंडित किया गया तथा प्रकरण में उक्त दोनों दोषियों से उक्त प्रकरण की शेष रही ब्याज की राशि रूपये 35.46 लाख की वसूली हेतु सहकारी विधान की धारा 64 में सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने के शाखा प्रबंधक मुख्य शाखा हरदा को निर्देश दिये गये।

## सुहागन महिलाओं ने पारंपरिक श्रृंगार किया पूजा-अर्चना की

# महिलाओं ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गणगौर उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर

माखन नगर में महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गणगौर उत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। सुहागन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। इस दौरान भजन-कीर्तन गूंजते रहे और महिलाओं ने गीतों पर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया।



### 16 से 18 दिन तक चलने वाला विशेष पर्व

गणगौर उत्सव होली के अगले दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से शुरू होकर चैत्र शुक्ल तृतीया (गणगौर तीज) तक मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से 16 से 18 दिनों तक चलता है और विशेष रूप से महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

### अखंड सौभाग्य व अच्छे वर की कामना

इस पर्व पर विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं, जबकि अविवाहित कन्याएं योग्य वर प्राप्ति के लिए माता गौरी और ईसर (भगवान शिव) की पूजा करती हैं। उत्सव की शुरुआत मनीषा उपाध्याय के निवास से हुई, जिसके बाद गुरु कॉलोनी स्थित मंदिर में सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### परंपरा और आस्था का संगम

सरला माहेश्वरी ने गणगौर पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि यह सौभाग्य और सुहाग का प्रतीक पर्व है। माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था, इसी कारण महिलाएं इस पर्व को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाती हैं।

### उत्साह और परंपरा का जीवंत उदाहरण

गणगौर उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपराओं की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करता है। महिलाएं हर वर्ष इस पर्व को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाती हैं।

### प्राचीन बावड़ी से शुरू किया स्वच्छता अभियान



**माखननगर।** गुरुवार को नगर परिषद माखन नगर द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन महा अभियान 2026 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम बालाजी मन्दिर पर पूजा की गई। इसके उपरांत सभी स्वच्छता प्रेरकों के सहयोग से प्राचीन बावड़ी पर स्वच्छता अभियान चलाकर बावड़ी की सफाई की गई। सी एम ओ जी एस राजपूत ने बताया इस अभियान का उद्देश्य जन सहभागिता के माध्यम से जल स्रोतों की साफ-सफाई, जल संरक्षण के प्रति जन जागरुकता लाना। इस महा अभियान में नगर परिषद के पार्षदगण, कर्मचारीगण और नगरवासी सहित स्वच्छता प्रेरकों की सहभागिता रही।

# सोहागपुर तहसील के कोटवारों की मांग मत दो रेडीमेड वर्दी, बैंक खाते में राशि दो

## कोटवारों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

तहसील सोहागपुर के कोटवारों ने रेडीमेड वर्दी, जूता, टार्च और अन्य सामग्री की राशि डीबीटी से बैंक खाते में हस्तांतरित करने की मांग मप्र के मुख्यमंत्री से की है। उक्त संबंध में कोटवारों ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन राजस्व अधिकारी को सौंपा है। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ शाखा सोहागपुर द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि तहसील सोहागपुर के ग्रामों में पदस्थ समस्त ग्राम कोटवार 23 जनवरी 2026 को ज्ञापन के माध्यम से उक्त समस्या के संबंध में लिखित निवेदन कर चुके हैं। तथा गुरुवार को पुनः कोटवारों ने ज्ञापन के माध्यम से मप्र के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि रेडिमेड वर्दी, जूता, टार्च और अन्य सामग्री की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे ही कोटवारों के बैंक खातों में हस्तांतरित करने की कृपा करें। ज्ञापन अनुसार मप्र के कुछ जिलों में कोटवारों की वर्दी की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित करने के आदेश किए जा चुके हैं। जिसके आदेश की प्रतियां भी ज्ञापन के साथ संलग्न की गई है। अतः सोहागपुर क्षेत्र के कोटवारों को भी अन्य जिलों की भांति वर्दी, जूता, टार्च और अन्य सामग्री की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में दी जाए।



### मुख्यमंत्री राहत कोष को दें राशि

कोटवारों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यदि कोटवारों की वर्दी की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाता में हस्तांतरित की जाए। यदि यक प्रक्रिया नहीं हो सकती है तो यह राशि मुख्य मंत्री राहत कोष में जमा करने की कृपा करें। ताकि उस धन का सदुपयोग जनहित में हो सके। जिसकी जानकारी हमें पत्र के माध्यम से अवगत कराने का कष्ट करें। ज्ञापन अनुसार कोटवारों को अपेक्षा है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री संगठन की जायज मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए शीघ्र उचित नर्णय लेंगे। कोटवारा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन से स्पष्ट है कि वर्दी एवं अन्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर उन्हें संदेह है।

## विद्यालय की छात्रा ने राज्य स्तरीय शिविर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सीहोर।** शासकीय उमावि में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेवक प्रीति परमार ने सात दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर चित्रकूट में दिनांक 8 से 14 मार्च तक सहभागिता एवं शिविर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। शिविर समाप्ति पश्चात सीहोर आगमन पर संस्था प्राचार्य सुनीता जैन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोग्राम ऑफिसर देवेंद्र राय डॉक्टर राजेंद्र देशमुख एवं समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों सहित वरिष्ठ स्वयंसेवक मानसी प्रजापति व दर्शना दोहरे ने आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एलपीजी की कमी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**सोहागपुर।** युवा कांग्रेस कमेटी सोहागपुर ने गैस सिलेंडर की आपूर्ति में हो रही कमी के विरोध में केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ गुरुवार को मुख्य बाजार क्षेत्र में प्रदर्शन किया। इसमें सांकेतिक नाली से गैस के माध्यम से स्टोव पर चाय बनाने का प्रयास किया गया। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार से घरेलू और कमर्शियल गैस आपूर्ति की कमी शीघ्र दूर करने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस हर्ष कटकवार, विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस अजय ठाकुर, गजेंद्र चौधरी, नीरज चौधरी, देवांशू शर्मा, ऋषभ दीक्षित आदि उपस्थित थे।

# दाऊदी बोहरा समाज ने ईद उल फितर पर्व मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर दाऊदी बोहरा समाज ने सोमवार को ईद उल फितर का पर्व मनाया है। समाज के नागरिक डॉक्टर जोएब अली से प्राप्त जानकारी अनुसार पर्व दौरान इमाम मुल्ला मुस्तंसिर द्वारा ईद का क़ुतबा पढ़ा गया। इस दौरान उन्होंने समूची दुनिया एवं भारत देश में सुख, शांति एवं समृद्धि की स्थापना की दुआ की। पर्व दौरान शेख शब्बीर, मुल्ला मुफद्दल, सफदर अली, डॉ. जोएब अली, अब्बास अली, यूसुफ अली, अली असगर अली, मुर्तज़ा अली, बुरहानुद्दीन अली आदि उपस्थित थे।

# पिपरिया उप जेल में कैदियों के लिए होली मिलन समारोह किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया उप जेल में गुरुवार को जेल प्रबंधन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में पिपरिया एवं सोहागपुर के समाजसेवियों, गायकों एवं कवियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में कैदी भी सहभागी हुए। पिपरिया उप जेल सहायक जेल अधीक्षक मनीष पवार ने बताया कि गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे से 1:30 बजे तक आयोजन किया गया।

जिसमें सुर संगम ग्रुप पिपरिया के संजय दुबे, अनिल तिवारी तथा संजय भोसले ने देशभक्ति, होली एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। जिससे कैदी सहित समस्त उपस्थितजन प्रसन्न हुए। इसके बाद सोहागपुर के कवि अमित बिल्लौरे ने देशभक्ति, रामभक्ति व जीवन दर्शन के गीत व मुक्तक प्रस्तुत किये, जिन्हें सभी ने सराहा। सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य अशोक दुबे एवं सिख समाज धर्मगुरु ज्ञानी सुरजीत सिंह सोहागपुर ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उपस्थित सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर के व्यवस्थापक समाजसेवी कृष्णा पालीवाल ने समस्त कैदियों को जीवन को सकारात्मक के साथ जीने की बात कही। इस दौरान समाजसेवी बंटी राजपूत पिपरिया हेमंत प्रजापति सोहागपुर व अन्य नागरिक भी उपस्थित थे।

### खेली फूलों की होली

गीत, भजन तथा कविताओं की प्रस्तुति के बाद सभी अतिथियों ने कैदियों के मस्तक पर गुलाल लगाकर उन्हें होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। वहीं सभी समाजसेवियों ने कैदियों पर पुष्प वर्षा भी की। नागरिकों ने कैदियों से कहा कि प्रत्येक समाज को सशक्त एवं जागृत नागरिक की आवश्यकता है। जो सकारात्मक सोच के साथ सभी के विकास के लिए प्रेरित भाव से कार्य करें। अतः कैदी भविष्य में सकारात्मक भाव के साथ व्यवहार का पालन कर राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक बनें। इस दौरान कुछ कैदियों ने भी मंच पर गीतों की प्रस्तुति दी। अंत में सहायक जेल अधीक्षक मनीष पवार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि कैदियों में कभी-कभी डिप्रेशन होता है। जिसे दूर करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हो जाते हैं जो सकारात्मकता के साथ जीवन जीने के प्रति भाव उत्पन्न करते हैं। कार्यक्रम का समापन भारत माता के जयकारे के साथ किया गया।

## श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत 63वें वर्ष में श्रीराम कथा का शुभारंभ

# 'राम' नाम दो अक्षरों में समाया ब्रह्मांड का सार: स्वामी ओंकारानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय संस्कृति और अध्यात्म में 'राम' नाम केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक महामंत्र है। आदिकाल से ही संतों, ऋषियों और कवियों ने राम नाम की महिमा का गुणगान किया है। वर्तमान समय के भागदौड़ भरे जीवन में मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए राम नाम की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। उक्त उद्गार श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के प्रारंभ दिवस चैत्र नवरात्र प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा के अवसर पर श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज ने मुखारविंद से व्यक्त किए। प्रथम दिवस की कथा में व्यासपीठ से महाराज श्री ने श्रीराम नाम की महिमा का बखान किया।



कथा प्रारंभ दिवस पर आयोजन समिति अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष अमित सेठ, संजीव अग्रवाल (दीपू), एमएल गौर, सहित सभापति मनजीत कलोसिया, संतोष राजवंशी, योगेश चावरे, विनोद बारसे, प्रधान आदिवासी समाज संगठन के अध्यक्ष बदामी लाल ऊईके, पंकज ककोड़िया, रामदास योना, संजय युवने, कुशवाह समाज के धनराज कुशवाह, मनोहर कुशवाह, दीनदयाल कुशवाह, ममता मालवीय, साधना योगी, सीमा कुशवाह, संध्या सराठे एवं समिति पदाधिकारियों ने व्यासपीठ का पूजन एवं महाराज श्री का स्वागत किया। व्यासपीठ से संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार, 'राम' नाम की महिमा स्वयं महादेव शिव भी गाते हैं।पौराणिक मान्यता है कि काशी में देह त्यागने वाले प्राणी के कान में भगवान शंकर 'तारक मंत्र' के रूप में राम नाम ही सुनाते हैं, जिससे जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में स्पष्ट लिखा है: ₹कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिरि सुमिरि नर उतरहिं पारा।₹ अर्थात कलयुग में केवल प्रभु का नाम ही मोक्ष का आधार है। समिति प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे के मार्गदर्शन में आयोजन के चलते विशेष मंदिर परिसर को विशेष साज-सज्जा एवं विद्युत रोशनी से सजाया गया है। आयोजन अंतर्गत समिति द्वारा 1963 से प्रतिवर्ष श्री रामकथा का आयोजन एवं रामनवमी पर शोभायात्रा चल समारोह की परंपरा रही है। आयोजन समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों से प्रतिदिन सायंकाल 7 बजे से श्रीराम कथा श्रवण करने पधारने हेतु आग्रह किया है। कथा में प्रतिदिन शीतल पेय एवं खाद्य पदार्थ के साथ प्रसादी वितरण की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अशोक महामंत्री, संदीप उपाध्यक्ष बने




**हरदा।** अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश बड़ोले ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है।कार्यकारिणी में जिले के लोगों को प्रमुखता से स्थान मिला है। समाज के संदीप पाराशर ने बताया कि कार्यकारिणी में अशोक पाराशर को महामंत्री, संदीप पाराशर को उपाध्यक्ष,संजय काशिव एवं योगमाया शर्मा को मंत्री, दीपक शुक्ला को सचिव बनाया गया है।वहीं मार्गदर्शक मंडल में अशोक नेगी एवं रंजना भारद्वाज को शामिल किया गया है,साहित्य एवं कला क्षेत्र में साधना बलवटे को नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि महिला महासभा कार्यकारिणी में किरण काशिव परामर्शदाता, अचला गुहा महामंत्री, मीना बरगले उपाध्यक्ष, रंजना बिल्लौरे ईकाई प्रमुख, प्रतिभा गार्गव मंत्री, मेघा पारे को मीडिया प्रमुख बनाया गया है।केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान 22 को बुधनी आएंगे सीहोर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 मार्च को दोपहर 12:30 बजे बुधनी पहुंचेंगे और सीएफएमटीटी में आयोजित कृषि मशीनरी मेले के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 5:15 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 19 दिव्यांगजनों को प्रदान की गईं मोटराइज्ड ट्रायसिकल

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग एवं वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड बुधनी द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्रायसिकलवितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा चिन्हित किए गए 19 दिव्यांगजनों को वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड बुधनी एवं विभाग के अधिकारियों द्वारा मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान की गईं। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार, सहायक संचालक महेश यादव, वर्धमान टैक्सटाइल लिमिटेड बुधनी के राजीव आंग्रा, दिनेश केटी, शोएब मिर्जा, अंकिता ठाकुर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं दिव्यांगजन उपस्थित थे।

### आर एस आई रेड ने ब्लू को 21 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के भोपाल नाके स्थित आवासीय मैदान पर आयोजित दो दिवसीय मैच में आर एस आई रेड ने ब्लू को 21 रन के अंतर से हराया। इस मैच में रेड की ओर से हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले लोकेन्द्र को मैन आफ द मैच कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल ने दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दो दिवसीय मैच में पहली इंनिंग में आर एस आई ने 109 रन दस विकेट पर बनाए थे। इसमें लोकेन्द्र ने 36 रन और रोहित ने 17 रन की पारी खेली। इधर ब्लू की टीम 88 रन पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में आर एस आई ब्लू की ओर से कुणाल ने 44 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली ।

### अजनाल नदी तट पर श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया

# नदियों, तालाबों, कुओं समेत प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन करेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। यह अभियान 19 मार्च गुड़ी पड़वा से शुरू होकर 30 जून 2026 तक जारी रहेगा।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, कुओं और अन्य प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन करना है। जिले में इस अभियान का शुभारंभ गुरुवार को हरदा शहर स्थित अजनाल नदी के तट पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने श्रमदान कर किया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल और सीईओ जिला पंचायत अंजलि जोसेफ सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे, सीएमएचओ डॉ. एच.पी. सिंह, जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार और जनपद पंचायत सीईओ विश्वजीत पाटीदार, जिला शिक्षा अधिकारी डी एस रघुवंशी भी मौजूद थे।

## गोमुख मंदिर परिसर में स्थित जल स्त्रोतों की बावडियों की साफ सफाई कर अभियान का शुभारंभ



**खिरकिया।** सर्व समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हुआ। इसका उद्देशय नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व मरम्मत नवीनीकरण, जल संग्रहण संरचनाओं के स्कूलों आंगनबाड़ियों मैं रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, औद्योगिक इकाइयों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल स्त्रोतों तथा जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई, जल संग्रहण संरचनाओं और मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण कर अभियान का संचालन किया जाना है। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। जिसका शुभारंभ गोमुख मंदिर परिसर में स्थित जल स्त्रोतों की बावडियों की साफ सफाई कर किया गया हैं। अभियान अन्तर्गत आगामी कार्ययोजना अनुसार जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार मरम्मत साफ सफाई आदि कार्य कराया जाना हैं। नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजजीत महेंद्र खनुजा ने कहा कि रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित कर वर्षा का संग्रहित करें जिससे नगर में वाटर लेवल बढेगा। एवं नगर को जल संकट से बचाने हेतु अथक प्रसास करें। इस दौरान फूलवती उईके, पंडित मनोज शर्मा, महेन्द्रसिंह खनुजा, सीएमओ महेन्द्र शर्मा, उपयंत्री विष्णुप्रसाद यादव, उपयंत्री सिद्धार्थ सोनी, नरेश बाओनिया, सुनिल राजपूत, नितिन शुक्ला, व अन्य नागरिकगण कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाई गई महर्षि गौतम की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के आराध्य महर्षि गौतम ऋषि की जयंती इंदौर रोड स्थित गौतम आश्रम में बडे ही हर्षोल्लास से मनाई गई। महर्षि गौतम ऋषि के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

इसके बाद समाजिक बंधुओं के द्वारा मंत्रोच्चार से विधि विधान से पूजन आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। सभी सामाजिक बंधुओं ने एक दूसरे को महर्षि गौतम ऋषि की जयंती एवं हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा की बधाई दी। इसके उपरांत सामाजिक बंधुओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान गत वर्ष से इस वर्ष की जो भी कार्यक्रम हुये उस पर नगर अध्यक्ष मनीष व्यास ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रफुल्ल व्यास ने किया आभार नरेंद्र शर्मा ने माना। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री रोहित तिवारी, राष्ट्रीय सचिव सुनील तिवारी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वैकुंठ शर्मा , पंडित विवेक मिश्र, नम्रता मिश्र, अशोक शर्मा, कैलाश व्यास, संतोष व्यास, कैलाश शर्मा, सुरेश व्यास, मुकेश शर्मा, जितेन्द्र व्यास, पंडित विमल तिवारी, पंडित शैलेन्द्र मंडलोई, सुमित व्यास, चेतन्य पंचारिया सहित समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

### कॉलेज में जिला स्तरीय आयोजन किया

## गुड़ी पड़वा पर विक्रमोत्सव 2026 के तहत सूर्य उपासना कार्यक्रम संपन्न




**हरदा।** विक्रमोत्सव 2026 के तहत भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभारम्भ अवसर पर गुड़ी पड़वा गुरुवार को सूर्य उपासनाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग भोपाल की चेतना रंग समूह के कलाकारों द्वारा आशीष श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाटक का मंचन भी हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उसके पश्चात ब्रह्म ध्वज की स्थापना व उसकी पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, कलेक्टर सिध्दार्थ जैन, जिला पंचायत की सीईओ अंजलि जोसेफ, पार्षद मीरा कुचबंदिया सहित विभिन्न अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का वितरण भी किया गया।

### पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि व सम्मान समारोह आयोजित किया

# क्रांतिकारी नेता जमना जैसानी को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जमना जैसानी फाउंडेशन के तत्वावधान में लोकतंत्र सेनानी, क्रांतिकारी नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. जमना प्रसाद जैसानी की पुण्य स्मृति में जैसानी चौक पर भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनों ने मोमबत्ती जलाकर एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं जैसानी जी अमर रहें के नारों के साथ हुई। फाउंडेशन के सदस्य अनिल वैद्य ने कहा कि गत 15 वर्षों से जमना जैसानी फाउंडेशन द्वारा निरंतर उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जो समाज के प्रति उनके योगदान को जीवंत बनाए हुए है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार महेश कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. श्रीरंग मजूमदार, प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल, नंदवाना समाज अध्यक्ष वीरेंद्र नंदवाना, पार्षद मनोज महलवार, आउटसोर्स जिला अध्यक्ष वीरेंद्र भाटी, समाजसेवी राजेंद्र भावसार, संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला एवं सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुनील तिवारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पत्रकार महेश कौशिक ने स्व. जैसानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी लेखनी से भी क्रांति का कार्य किया और वे अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी थे। डॉ. श्रीरंग मजूमदार ने कहा कि स्व. जैसानी सदैव गरीब एवं शोषित वर्ग की मदद के लिए तत्पर रहते थे और आज उनके पुत्र उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। डॉ. विशाल सिंह बघेल ने कहा कि क्रांतिकारी विचार किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं होते, बल्कि वह एक विचारधारा होती है जिसे आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। बचपन के मित्र भावसार ने बताया कि स्व. जैसानी बचपन से ही क्रांतिकारी विचारों के थे और वे भगत सिंह एवं स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से प्रेरित थे।

#### प्रतिभा को सम्मानित किया गया

जमना जैसानी फाउंडेशन द्वारा विभिन्न क्षेत्र मै कार्य करने वाली प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। राहुल संतोष यादव, अजय पुरवइया, नितेश सर, सौरभ काशिव, कपिल दुबे, सत्येन्द्र परिहार, अनिल गीते, प्रतीक शर्मा एवं विवेक बादर राकेश वर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जैसानी चौक स्थित प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। फाउंडेशन सदस्य अनिल वैद्य ने कहा कि स्व. जमना प्रसाद जैसानी ऐसे व्यक्तित्व थे जो स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज और उसके अधिकारों के लिए जीते थे। यही कारण है कि वे आज भी हर वर्ग के दिलों में जीवित हैं।

## भूतड़ी अमावस्या पर भक्तों ने लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/रेहटी

भूतड़ी अमावस्या की पावन बेला में नर्मदा घाट आस्था से सराबोर नजर आए। आधी रात से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और "नर्मदे हर" के जयघोष के बीच लाखों भक्तों ने मां नर्मदा की पवित्र धारा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आवलीघाट, बुधनी और नीलकंठ जैसे प्रमुख घाटों पर कदम रखने की भी जगह नहीं थी। हर चेहरा श्रद्धा से भरा और हर मन में एक ही भाव- मां नर्मदा का आशीर्वाद।

आंवलीघाट पर इस बार भक्ति अपने चरम पर दिखाई दी। अमावस्या से दो दिन पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। रात 12 बजे से स्नान का सिलसिला शुरू हुआ, जो सुबह तक निरंतर चलता रहा। घाट पर ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। बुधवार शाम तक करीब एक लाख से अधिक भक्त मां नर्मदा में स्नान का धर्म का लाभ ले चुके थे।

#### रात भर लगा भूतों का मेला

चैत्र नवरात्रि से पहले आने वाली अमावस्या को भूतड़ी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन आंवलीघाट तट पर भूतों का मेला भी लगता है। दरअसल यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और आज भी इस परंपरा को निभाया जा रहा है। कहा जाता है कि जिन लोगों के शरीर में बाहरी बाधाएं होती हैं उनको यहां पर नर्मदा स्नान के लिए लाया जाता है। इसके अलावा जिन लोगों को देवी-देवता शरीर में आते हैं वे भी इस दिन यहां पर स्नान के लिए आते हैं एवं यहां पर स्नान करके नए वस्त्र धारण करते हैं। इस दौरान वे अपने मठ, देव स्थान के शस्त्रों को भी नर्मदा में शुद्ध करते हैं। पुराने वस्त्रों को यहीं पर छोड़कर जाते हैं। इसके बाद जिन लोगों को बाहरी बाधाएं रहती हैं उनके

## जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन और पीएफ, प्रदर्शन किया



**सीहोर।** जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी आज बुधवार से हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। इसके साथ ही, उनके भविष्य निधि (पीएफ) का नियमित रूप से भुगतान भी नहीं किया जा रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार अस्पताल प्रबंधन को वेतन समय पर देने के लिए ज्ञापन सौंपे थे, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने आज जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के सामने धरना दिया। इस संबंध में कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर को आवेदन दिया जा चुका है, साथ ही कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी शिकायत भेजी गई है। कर्मचारियों का कहना है कि इन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई या सुनवाई नहीं हुई है, जिसके चलते उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा।

# नर्मदा-कोलार संगम पर धरती की छाती छलनी कर रहे खनन माफिया, बेखौफ हो रही पीली मिट्टी की अवैध खुदाई

### क्या माफिया को मिला है 'सरकारी संरक्षण'? अनदेखी से उठ रहे सवाल



**सीहोर।** जिले में बहने वाली जीवनदायिनी नर्मदा और कोलार नदी के संगम तट पर इन दिनों आस्था नहीं, बल्कि अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है। नीलकंठ और कोलार के संगम घाट के पास बड़े पैमाने पर पीली मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह अवैध कारोबार आम जनता को तो साफ नजर आ रहा है, लेकिन जिले का खनिज विभाग इससे अंजान बना बैठक है। विभाग की इस चुप्पी ने अब कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बता दें नर्मदा नदी के तटीय गांवों में पीली मिट्टी का उत्खनन अब एक गंभीर चुनौती बन चुका है। माफियाओं द्वारा जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रालियों के जरिए दिन-रात मिट्टी का दोहन किया जा रहा है। इस खुदाई से नर्मदा के किनारे कमजोर हो रहे हैं। जानकारों का मानना है कि यदि यही स्थिति रही तो आगामी वर्षा ऋतु में भीषण भूमि कटाव होगा, जिससे आसपास के खेत जलमग्न हो जाएंगे और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

**नियम ताक पर, माफिया बेखौफ :** नियमों के मुताबिक किसी भी प्रकार की मिट्टी निकालने के लिए खनिज विभाग की अनुमति अनिवार्य है। नियमानुसार 2 मीटर से अधिक गहराई तक खुदाई करना दंडनीय अपराध है, लेकिन संगम क्षेत्र में माफिया इन नियमों को ठेंगे पर रखकर गहरी खुदाई कर रहे हैं।

**खनिज विभाग की भूमिका पर उठ रहे सवाल :** क्षेत्रीय जनता के मन में अब यह सवाल घर कर गया है कि क्या इस अवैध खेल को खनिज विभाग का मौन संरक्षण प्राप्त है। जब ग्रामीण क्षेत्रों से अवैध उत्खनन की खबरें और तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं, तब विभाग की टीमें कार्रवाई करने से क्यों बच रही हैं। क्या खनिज माफियाओं के रसूख के आगे जिम्मेदार नतमस्तक हो चुके हैं।नर्मदा के कैचमेंट एरिया में हो रही इस खुदाई का असर केवल जमीन तक सीमित नहीं है। इससे जलीय जीवन और क्षेत्र के भूजल स्तर पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरणविदों का कहना है कि नदियों के किनारों से छेड़छाड़ करना भविष्य में बड़े पारिस्थितिक संकट को निमंत्रण देना है।

## मारवाड़ी महिला मंडल ने गणगौर पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आस्था, प्रेम और पारिवारिक सौहार्द का प्रतीक गणगौर महापर्व मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल के निवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माता गौरा और ईसर जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर माता को झाले दिए और लोकगीतों के माध्यम से सुख-समृद्धि की कामना की।

**रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित :** मिलन समारोह को और भी यादगार बनाने के लिए कई रोचक गेम्स और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए आयोजित इन गतिविधियों में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्याओं ने सामूहिक स्नेह भोज का आनंद लिया।

**संस्कारों को सहेजने का संकल्प :** समिति की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि गणगौर केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली मारवाड़ी संस्कृति का प्रतिबिंब है। ऐसे आयोजनों से न केवल हमारी परंपराएं जीवित रहती हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपने संस्कारों से जुडऩे की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान मारवाड़ी महिला मंडल की पदाधिकारी और समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।